प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी में तीन हजार आठ सौ 80 करोड़ रुपये से अधिक की 44 परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास : कहा– सिर्फ प्राचीनता का प्रतीक नहीं बल्कि विकास का मॉडल है काशी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– प्रधानमंत्री के प्रयासों से उत्तर प्रदेश के उत्पादों को मिल रही है अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता।
3. वक्फ बोर्ड पर गठित जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज बस्ती में कहा– इस कानून से गरीब मुसलमानों के साथ महिलाओं को मिलेगा लाभ।

और

4. प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में कल के लिये बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी : मौसम विभाग ने कई जनपदों में ओलावृष्टि की भी जताई आशंका।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी के मेहदीगंज में तीन हजार आठ सौ 80 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 44 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में सड़क अवसंरचना, बिजली, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में विकास शामिल है,

जिनका उद्देश्य क्षेत्र की समग्र प्रगति को बढ़ावा देना है। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब काशी केवल प्राचीनता का प्रतीक नहीं रही, बल्कि विकास का मॉडल बन गई है। बाइट.....

*पिछले 10 वर्षों में बनारस के विकास ने एक नई गति पकड़ी है। काशी ने आधुनिक समय को साधा है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दशा में मजबूत कदम रखे है। आज काशी सिर्फ पुरातन नहीं मेरी काशी प्रगतिशील भी है।*

काशी के तेज़ विकास की सराहना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संरचना में सुधार, धार्मिक पर्यटन और नागरिक सुविधाओं में उन्नयन ने इस प्राचीन नगरी को आधुनिक शहरी केंद्र में बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब केवल संभावनाओं की धरती नहीं बल्कि सामर्थ्य और सिद्धियों की संकल्प भूमि बन रहा है। बाइट.....

*साथियों बीते वर्षों में यूपी ने अपना आर्थिक नक्शा भी बदला है। नजरिया भी बदला है। यूपी अब सिर्फ संभावनाओं की धरती नहीं रहा। अब ये सामर्थ्य और सिद्धियों की संकल्प भूमि बन रहा है।*

प्रधानमंत्री ने मेड इन इंडिया की वैश्विक पहचान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के उत्पाद अब ग्लोबल ब्रांड बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीआई टैग केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी की पहचान का पासपोर्ट है। ये काशी के हुनर को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदश जीआई टैगिंग में देश में पहले स्थान पर है। बाइट.....

*आज यहां कई उत्पादों को जी आई टैग किया गया है। जी आई टैग ये सिर्फ एक टैग नहीं है ये किसी जमीन की पहचान का प्रमाण पत्र है। ये बताता है कि ये चीज इसी मिट्टी की पैदाइश है। जहां जी आई टैग पहुंचता है वहां से बाजारों में बुलंदियों का रास्ता खुलता है। आज यू पी जी आई टैगिंग में नंबर वन है।*

**प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 70 वर्ष से अधिक आयु के तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड सौंपे, प्रधानमंत्री ने प्रदेश के 21 पारंपरिक उत्पादों को भौगोलिक संकेतक जीआई टैग का प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा बनास डेयरो–अमूल से जुड़े राज्य के दुग्ध उत्पादक किसानों को 106 करोड़ रुपये का बोनस भी ट्रांसफर किया। प्रधानमंत्री ने वाराणसी रिंग रोड और सारनाथ के बीच एक सड़क सेतु, शहर के भिखारीपु्र और मंडुआडीह क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर और वाराणसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रीय राजमार्ग–31 पर 980 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली एक राजमार्ग अंडरपास सड़क सुरंग की आधारशिला रखी।**

**प्रधानमंत्री ने पिंडरा में एक सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, बरकी गांव में सरदार वल्लभभाई पटेल सरकारी कॉलेज, 356 ग्रामीण पुस्तकालय और 100 आंगनवाड़ी केंद्रों सहित कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया।**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर काशी और प्रदेश के विकास के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से काशी**

और उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है। बाइट.....

*काशी में आज आपके कर कमलों से लगभग 4 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास भी प्रदान की जा रही है। इसके लिये आपका हृदय से आभार व्यक्त करते है। काशी और उनके अगल बगल के जनपदों को सार्वजनिक जीआई टैग अब तक प्राप्त हुआ है और अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिये करोड़ों हस्तशिल्पियों और कारीगरों की ओर से भी आपका हृदय आभार व्यक्त करते हैं।*

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी दौरे के दौरान एयरपोर्ट पर पहुंचते ही शहर में कुछ दिनों पूर्व हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वाराणसी के पुलिस आयुक्त, मंडल आयुक्त और जिलाधिकारी को दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया।

————————

वक्फ बोर्ड पर गठित जेपीसी के अध्यक्ष और डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने आज बस्ती में कहा कि विपक्ष और विभिन्न राज्यों में बैठकें करके व्यापक चर्चा के बाद सभी की सहमति से वक्फ बोर्ड बिल पास किया

गया है। श्री पाल ने कहा कि इस कानून से गरीब मुसलमानों के साथ महिलाओं को भी लाभ मिलेगा। बाइट...

*सभी राज्यों में गए हो के बाद ही कानून बनाया गया विपक्ष का आरोप इसलिए उनको लग रहा है जो अभी तक गरीब पसमांदा आम मुसलमानों को अभी तक कोई फायदा नहीं मिला था। अब वक्त का फायदा उनको मिलेगा। बोर्ड में बैकवर्ड रहेगा। पसमांदा ओबीसी का बोर्ड का मेंबर रहेगा। ऑल इंडिया माइनॉरिटी कमीशन का रहेगा तो पहली बार तो हमने संशोधन करके गरीबों को हक दिलाने का काम किया है। दो दो महिलाएं उसकी सदस्य रहेगी।*

---

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---

प्रदेश भर में कल हुई तेज़ बारिश और बिजली गिरने से जुड़ी घटनाओं में पांच महिलाओं समेत 22 लोगों की जान चली गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिवार को 4–4 लाख रुपये का मुआवज़ा देने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज बैठक कर अधिकारियों को फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। बाइट.....

*राज्य सरकार हर प्रकार से किसानों की मदद करने के लिये तैयार है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के भीतर भी हमने ये निर्देशित किया है कि हमारे ये सांख्यिकीय विभाग के लोग और बीमा कम्पनियां मिलकरके उसका सर्वे करा रहे है और जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति का आंकलन करके वो भेजते है तो उसका भी हम लोग समाधान उनका निकाल करके और जितनी क्षतिपूर्ति हुई होगी उसको कितने मात्रा में क्षति हुई तो उस मात्रा के हिसाब से उनको इस कम्प्रेस्ट किया जायेगा।*

उधर, मौसम विभाग की तरफ से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में कल के लिए गरज चमक के साथ बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज हवाएं और कहीं कहीं पर ओलावृष्टि की भी आशंका है।

————————

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज महराजगंज में 13 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और 3 राजकीय बालिका इंटर कॉलेजों में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शौचालय तथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'

अभियान के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

————————

वित्तीय वर्ष 2023–24 की तुलना में वर्ष 2024–25 में प्रदेशभर के सभी मंडलीय न्यायालयों में राजस्व संबंधी विचाराधीन वादों की संख्या में गिरावट देखी गई है। 1 अप्रैल 2024 तक मंडलीय न्यायालयो में जहां कुल 1,29,296 वाद विचाराधीन थे, वहीं 1 अप्रैल 2025 तक यह संख्या घटकर 1,15,319 पर आ गई। वहीं प्रदेश के 18 मंडलों में से आगरा मंडल ने सबसे अधिक 3,381 मामलों का निस्तारण किया, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। इसके बाद गोरखपुर मंडल ने 3,222 मामलो और वाराणसी मंडल ने 2,897 मामलों का समाधान किया।

————————

प्रदेश भर में आज समाज सुधारक और सत्य शोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज समाज सुधारक महात्मा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अमरोहा में उनकी प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

————————

प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि जनपद फिरोजाबाद स्थित विभिन्न मंदिरों,

प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के निर्माण के लिए 34 करोड़ 73 लाख रूपये की 19 परियोजनायें वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत स्वीकृत की गयी हैं। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या मं बढ़ोत्तरी होगी। परियोजनाओं को समय से पूरा कराने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गयी है।

————————

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रचनात्मक क्षेत्र से उभरती अर्थव्यवस्था में महाराष्ट्र और मुम्बई का विशेष महत्व है और तेजी से बदलती टैक्नोलॉजी के दौर में इसे बनाए रखने के लिए मुम्बई में वेव्स 2025 आयोजित किया जा रहा है। श्री वैष्णव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मुम्बई में वेव्स के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से हो रहा है। वहीं कल लखनऊ सुपर जॉइंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा।

(समाप्त)